# पीएम नरेंद्र मोदी से मिले सुंदर पिचाई

**भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के विकास पर चर्चा**



**नई दिल्ली, 18 फरवरी. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में भाग लेने से पहले गूगल के सीईओ सुंदर पिचाई ने बुधवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी से मुलाकात की और भारत में आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) के विकास पर चर्चा की.**

पीएम मोदी ने इस बैठक के बारे में सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म 'एक्स' पर लिखा कि यह मुलाकात सुखद अनुभव रही और दोनों पक्षों ने भारत में एआई क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों तथा छात्रों और पेशेवरों के सहयोग की संभावनाओं पर विचार विमर्श किया. सुंदर पिचाई ने भी अपने पोस्ट में कहा कि एआई इम्पैक्ट समिट के लिए भारत में वापस आकर अच्छा लग रहा है. समिट में उनका मुख्य संबोधन 20 फरवरी को प्रस्तावित है. इसके अलावा, 19 फरवरी को पीएम मोदी उद्घाटन भाषण देंगे, जिसमें वैश्विक सहयोग और जिम्मेदार एआई के लिए भारत के दृष्टिकोण को प्रस्तुत किया जाएगा. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट 2026 में 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष और सरकार प्रमुख, 60 मंत्री और उपमंत्री, 100 से अधिक सरकारी प्रतिनिधि, 500 से अधिक वैश्विक एआई अग्रणी, शोधकर्ता और शिक्षाविद भाग ले रहे हैं.

> यह समिट भारत की वैश्विक एआई भूमिका को सुदृढ़ करने के लिए सात कार्य समूहों और तीन प्रमुख स्तंभ जन, दुनिया और प्रगति पर आधारित है. सत्रों में एआई के आर्थिक विकास, सामाजिक समावेशन, संसाधनों का लोकतंत्रीकरण, सुरक्षित और विश्वसनीय एआई, मानव पूंजी, विज्ञान, नवाचार और दक्षता जैसे विषयों पर गहन विचार-विमर्श होगा. समिट का उद्देश्य एआई के लिए समावेशी, जिम्मेदार और विकासोन्मुखी ढांचा तैयार करना है. यह समिट भारत को वैश्विक एआई एजेंडा में नेतृत्वकारी भूमिका देने और नवाचार एवं सामाजिक हित के लिए एआई के अवसर बढ़ाने में महत्वपूर्ण साबित होगा.

## स्टॉक मार्केट में निवेश का झांसा देकर 21.64 करोड़ रुपयों की ठगी

**नासिक, 18 फरवरी.** महाराष्ट्र के नासिक जिले में ऑनलाइन ठगी का एक मामला सामने आया है जिसमें एक युवक से स्टॉक मार्केट में निवेश करने पर 20 प्रतिशत तक निश्चित मुनाफे का वादा करके 21.64 करोड़ रुपए ठग लिये गये. पुलिस सूत्रों के मुताबिक पांच लोगों ने साइबर पुलिस स्टेशन में शिकायत दर्ज करायी है. ये सभी निजी संस्थान में नौकरी करते हैं. तीन नवंबर, 2025 की शाम को उन्हें एक अनजान नंबर से व्हाट्सऐप कॉल आया. उस व्यक्ति ने स्टॉक मार्केट में निवेश करने की जानकारी दी और अपनी कंपनी के ज़रिए निवेश करने पर 20 प्रतिशत तक मुनाफे का वादा किया. शिकायत करने वाले को एक वेबसाइट का लिंक भेजा गया.

# 24 घंटे में प्रतिज्ञाओं का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड

**एआई समिट अभियान में 2,50,946 युवा जुड़े**

**नयी दिल्ली, 18 फरवरी. इंडिया एआई इम्पैक्ट समिट-2026 के दौरान भारत ने कृत्रिम बुद्धिमत्ता (एआई) के जिम्मेदार उपयोग में ऐतिहासिक उपलब्धि हासिल की.**

केंद्रीय इलेक्ट्रॉनिकी एवं सूचना प्रौद्योगिकी मंत्री अश्विनी वैष्णव ने बताया कि 16 से 17 फरवरी के बीच देशव्यापी 'एआई रिस्पॉन्सिबिलिटी' अभियान में 2,50,946 वैध प्रतिज्ञाएं दर्ज की गईं, जिससे भारत ने 24 घंटे में सबसे अधिक प्रतिज्ञाओं का गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड अपने नाम कर लिया.

इस अवसर पर इलेक्ट्रॉनिकी मंत्रालय के सचिव एस. कृष्णन, इंडिया-एआई मिशन के सीईओ अभिषेक सिंह, इंडिया-एआई की



सीओओ कविता भाटिया, इंटेल के वरिष्ठ उपाध्यक्ष श्रीनिवासन अय्यंगार और गिनीज वर्ल्ड रिकॉर्ड्स के प्रवीन पटेल मौजूद रहे. उन्होंने रिकॉर्ड का आधिकारिक सत्यापन किया.

अश्विनी वैष्णव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की प्रेरणा से युवाओं और छात्रों को जिम्मेदार तकनीक उपयोग के लिए जोड़ने का प्रयास किया गया.

> अभियान में कॉलेजों, शिक्षकों और संस्थानों के माध्यम से छात्रों को एआई का नैतिक और समाजहित में उपयोग करने के लिए प्रोत्साहित किया गया. शुरुआती लक्ष्य 5,000 प्रतिज्ञाएं था, लेकिन अभूतपूर्व जनसमर्थन ने इसे कई गुना पार कर दिया. इंडिया एआई मिशन के तहत इंटेल इंडिया के सहयोग से आयोजित इस अभियान में प्रतिभागियों ने डेटा गोपनीयता, जवाबदेही, पारदर्शिता और गलत सूचनाओं से निपटने जैसे विषयों पर आधारित परिदृश्यात्मक प्रश्नों के माध्यम से प्रतिज्ञा ली. पूर्ण करने वाले प्रतिभागियों को डिजिटल बैज और एआई कार्यक्रमों तक पहुंच भी प्रदान की गई.

# शिक्षा और स्वास्थ्य सुलभ होना चाहिए : भागवत

▸ **संघ का उद्देश्य देश को परम वैभव संपन्न बनाना**

**लखनऊ, 18 फरवरी.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ (राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ) के सरसंघचालक मोहन भागवत ने कहा कि शिक्षा और स्वास्थ्य मूलभूत आवश्यकताएं हैं, इन्हें व्यवसाय नहीं बनाया जा सकता. ये सुविधाएं समाज के हर वर्ग तक सुलभ होनी चाहिए. बुधवार को लखनऊ विश्वविद्यालय के मालवीय सभागार में शोधार्थी संवाद कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि अंग्रेजों ने भारतीय शिक्षा व्यवस्था को



कमजोर किया और उसे सुधारने की आवश्यकता है. उन्होंने कहा कि संघ का उद्देश्य देश को परम वैभव संपन्न बनाना और समाज की एकता व गुणवत्ता को मजबूत करना है. संघ किसी के विरोध में नहीं है और न ही उसे लोकप्रियता या शक्ति की आकांक्षा है. संघ को समझने के लिए उसके कार्यों को भीतर से देखना होगा.

> **जाति दीवारें मिटेंगी**
> **लखनऊ.** राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के सरसंघचालक मोहन भागवत ने सामाजिक समरसता, जाति उन्मूलन और सांस्कृतिक एकता को राष्ट्र निर्माण का मूल आधार बताते हुए कहा कि हम सब भारत माता के पुत्र हैं, सहोदर हैं, और हम हिंदू हैं. अस्पृश्यता और जातीय विभाजन को समाप्त करेगा. उन्होंने स्पष्ट किया कि आधुनिकता का विरोध नहीं, बल्कि अंधानुकरण का विरोध है. समाज यदि जागृत और समरस रहेगा तो राजनीतिक विकृतियां स्वत: समाप्त होंगी.

## अल्पसंख्यक कल्याण पर दो दिवसीय राष्ट्रीय 'चिंतन शिविर' शुरू

**पटना, 18 फरवरी.** अल्पसंख्यक कार्य मंत्रालय द्वारा नालंदा विश्वविद्यालय, राजगीर, बिहार में दो दिवसीय राष्ट्रीय 'चिंतन शिविर' का आयोजन किया जा रहा है. यह कार्यक्रम अल्पसंख्यक कल्याण और सामाजिक-आर्थिक सशक्तिकरण के लिए नीति-आधारित रोडमैप तैयार करने पर केंद्रित है. इसमें केंद्र और राज्यों के मंत्री, वरिष्ठ अधिकारी और विभिन्न संस्थानों के विशेषज्ञ भाग ले रहे हैं.शिविर में अरुणाचल प्रदेश, नागालैंड, त्रिपुरा और बिहार सहित कई राज्यों के अल्पसंख्यक कल्याण मंत्री शामिल हैं.

# रिजिजू ने राहुल को बताया भारत के लिए खतरा

## संसद में राहुल गांधी का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना

**नई दिल्ली, 18 फरवरी. केंद्रीय संसदीय मामलों के मंत्री किरण रिजिजू ने बुधवार को कहा कि कांग्रेस नेता राहुल गांधी भारत की सुरक्षा के लिए सबसे खतरनाक व्यक्ति बन गए हैं.**

रिजिजू ने आरोप लगाया कि राहुल भारत विरोधी ताकतों, नक्सलियों, उग्रवादियों और जॉर्ज सोरोस जैसे लोगों से जुड़े हैं. उन्होंने यह बातें न्यूज एजेंसी को दिए इंटरव्यू में कही.रिजिजू ने कहा कि संसद में राहुल गांधी का बर्ताव बचकाना और गैर-जिम्मेदाराना है. उन्होंने आरोप लगाया कि राहुल संसद के बाहर



लोगों को देशद्रोही कहना, सिट-इन प्रदर्शन करना और अनपब्लिश्ड किताब लहराना जैसी गतिविधियों में शामिल रहते हैं. रिजिजू ने कहा कि कांग्रेस का काम सिर्फ संसद में हंगामा करना बन गया है. मंत्री ने कांग्रेस की तुलना पुराने समय के मजबूत नेताओं से की और कहा कि पहले पार्टी में मैच्योर लीडर हुआ करते थे, लेकिन अब राहुल गांधी और उनके आस-पास के लोग ही पार्टी को संचालित कर रहे हैं. उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि राहुल बिना सबूत प्रधानमंत्री का नाम लेते हैं और लोकसभा में नियमों का पालन नहीं करते. रिजिजू ने दावा किया कि भारत में करीब 15-20% लेफ्ट इकोसिस्टम राष्ट्रवाद का विरोध करता है और इसी सेगमेंट से राहुल गांधी को समर्थन मिल रहा है, न कि आम जनता से. उनका कहना है कि यह स्थिति देश की सुरक्षा और धार्मिक पहचान के लिए चुनौतीपूर्ण है.

## कुख्यात नक्सली सुरेश कोड़ा ने किया आत्म समर्पण

**मुंगेर, 18 फरवरी.** कुख्यात नक्सली सुरेश कोड़ा के आत्म समर्पण के साथ ही बुधवार को मुंगेर जिले के साथ पूरे बिहार को नक्सल मुक्त घोषित किया गया है. मुंगेर प्रक्षेत्र के डी आई जी राकेश कुमार ने इसकी घोषणा की और बताया कि मुंगेर, लखीसराय और जमुई जिलों में दो दशकों तक सक्रिय नक्सली स्पेशल एरिया कमेटी के कमांडर और कुख्यात नक्सली सुरेश कोड़ा ने आज एक,्च-47 असॉल्ट राइफल ,एक,्च 56 असॉल्ट राइफल , दो इंसास राइफल और 505 सौ चक्र जिंदा कारतूस के आत्मसमर्पण कर दिया.

# मिडिल ईस्ट में अमेरिका के 50+ फाइटर जेट तैनात

**वॉशिंगटन, 18 फरवरी. अमेरिका ने मिडिल ईस्ट में पिछले 24 घंटों में 50 से ज्यादा फाइटर जेट तैनात किए हैं. फ्लाइट-ट्रैकिंग डेटा के मुताबिक कई एफ-22, एफ-35 और एफ-16 विमान क्षेत्र की ओर बढ़ते देखे गए.**

यह कदम अमेरिका-ईरान के बीच जिनेवा में परमाणु मुद्दे पर हुई दूसरे दौर की बातचीत के बीच उठाया गया है, जहां अब भी कई बिंदुओं पर मतभेद बने हुए हैं.

अमेरिकी उपराष्ट्रपति जेडी वेंस ने कहा कि राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रम्प की शर्तों पर ईरान सहमत नहीं है, हालांकि कुछ पहलुओं पर प्रगति हुई है. फाइटर जेट्स के साथ एरियल रिफ्यूलिंग टैंकर भी भेजे गए हैं, जिससे लंबे ऑपरेशन की तैयारी के



संकेत मिलते हैं. अमेरिकी अधिकारी के अनुसार यूएसएस जेराल्ड आर. फोर्ड एयरक्राफ्ट कैरियर स्ट्राइक ग्रुप मिड-अटलांटिक में पहुंचकर मिडिल ईस्ट की ओर बढ़ रहा है.गाइडेड-मिसाइल डेस्ट्रॉयर यूएसएस माहान, यूएसएस बैनब्रिज और यूएसएस विन्सटन चर्चिल भी तैनात हैं. इससे पहले यूएसएस अब्राहम लिंकन समेत अन्य एसेट्स भी क्षेत्र में मौजूद हैं. दूसरी ओर, ईरान ने हॉर्मुज जलडमरूमध्य के हिस्से में लाइव-फायर नौसैनिक अभ्यास शुरू किया है. 'स्मार्ट कंट्रोल ऑफ द स्ट्रेट ऑफ हॉर्मुज' नामक अभ्यास के दौरान मिसाइल परीक्षण किए गए और जहाजों को चेतावनी जारी की गई.

## सुप्रीम कोर्ट ने पलटा इलाहाबाद हाईकोर्ट का आदेश

**नई दिल्ली , 18 फरवरी. सुप्रीम कोर्ट ने कहा है कि किसी लड़की के पायजामे का नाड़ा खींचना, निजी अंगों को पकड़ना और जबरन सुनसान जगह ले जाने की कोशिश करना 'रेप की कोशिश' माना जाएगा.**

इसको सुको ने इलाहाबाद हाईकोर्ट के उस फैसले को पलट दिया, जिसमें इन कृत्यों को केवल 'रेप की तैयारी' बताया गया था.

चीफ जस्टिस सूर्यकांत की अध्यक्षता वाली बेंच ने कहा कि हाईकोर्ट ने आपराधिक कानून के स्थापित सिद्धांतों का गलत प्रयोग किया. सुप्रीम कोर्ट ने स्पष्ट किया कि आरोपियों की हरकतें स्पष्ट रूप से रेप की कोशिश की ओर इशारा करती हैं और प्रथम दृष्टया



अभियोजन ने 'अटेम्प्ट टू रेप' का मामला बना दिया है. यह मामला कासगंज जिले का है. 10 नवंबर 2021 को 14 वर्षीय लड़की के साथ तीन युवकों पर छेड़छाड़ और जबरन खींचने का आरोप लगा. शिकायत के अनुसार, आरोपियों ने लड़की के प्राइवेट पार्ट पकड़े और पायजामे की डोरी तोड़ दी. विरोध करने पर तमंचा दिखाकर धमकाया और फरार हो गए.

# रूस ने कीव पर दागीं लगभग 29 मिसाइलें

**कीव, 18 फरवरी . स्विटजरलैंड की राजधानी जिनेवा में नये सिरे से शुरू हुई शांति वार्ता के पहले ही दिन रूस ने ताकत का प्रदर्शन करते हुए यूक्रेन के 12 क्षेत्रों में 29 मिसाइलें और लगभग 400 ड्रोन दागे, जिससे कई नागरिक घायल हुए और ऊर्जा एवं नागरिक अवसंरचना को भारी नुकसान पहुंचा. यूक्रेन ने इसे ऊर्जा तथा नागरिक ढांचे पर किया गया समन्वित हमला बताया है.**

जिससे कूटनीतिक प्रयासों की नाजुक स्थिति उजागर होती है. बातचीत के पहले दिन के बाद, रूसी मीडिया ने मंगलवार को एक अनजान सूत्र के हवाले से बताया कि बातचीत 'तनावपूर्ण' थी और छह घंटे तक चली. बातचीत बुधवार को आखिरी दिन तक जारी रहेगी. यूक्रेन



के मुख्य वार्ताकार रुस्तेम उमेरोव ने कहा कि बातचीत 'व्यावहारिक मुद्दों और संभावित समाधानों की कार्यप्रणाली' पर केंद्रित रही. उन्होंने वार्ता से पहले किसी बड़े घटनाक्रम की उम्मीदों को कमतर बताते हुए कहा था कि यूक्रेनी प्रतिनिधिमंडल जिनेवा वार्ता में 'अत्यधिक अपेक्षाओं के बिना' पहुंचा है. रूसी प्रतिनिधिमंडल का नेतृत्व राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन के सलाहकार व्लादिमीर मेडिन्स्की कर रहे हैं. रूसी मीडिया के मुताबिक पहले दिन की बातचीत छह घंटे चली और माहौल 'तनावपूर्ण' रहा. वार्ता का अंतिम सत्र बुधवार को होना है. यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर ज़ेलेंस्की ने हमलों की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि यह मॉस्को की 'वास्तविक मंशा' को दर्शाता है.

## एक नजर में

### ममता बनर्जी बोली- ईडी केंद्र का हथियार



**नई दिल्ली, 18 फरवरी.** पश्चिम बंगाल में आई- पैक से जुड़े हालिया रेड मामले की सुनवाई बुधवार को सुप्रीम कोर्ट में हुई. इस दौरान ममता बनर्जी सरकार ने आरोप लगाया कि केंद्र सरकार राज्य में ईडी का विपक्षी सरकारों के खिलाफ हथियार के रूप में इस्तेमाल कर रही है. केंद्रीय एजेंसी ने इसका पलटवार करते हुए कहा कि ईडी किसी का हथियार नहीं है और बंगाल सरकार ने उन्हें धमकाया. सुप्रीम कोर्ट ने दोनों पक्षों की बहस को गंभीरता से लेते हुए कहा कि यह तय करना उनका काम है कि कौन किसका हथियार बना रहा है और किसे धमकाया जा रहा है.ईडी ने सुप्रीम कोर्ट में याचिका दायर की थी.

### असम सीएम ने पीएमएस पोर्टल लॉन्च किया

**गुवाहाटी, 18 फरवरी.** असम के मुख्यमंत्री हिमंत बिस्वा सरमा ने बुधवार को प्रोविंशियलाइजेशन मैनेजमेंट सिस्टम (पीएमएस) पोर्टल लॉन्च किया. यह डिजिटल प्लेटफॉर्म वेंचर एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स और उनके स्टाफ के प्रोविंशियलाइजेशन के लंबित मामलों को हल करने और प्रक्रिया को पारदर्शी बनाने के लिए बनाया गया है. पीएमएस पोर्टल असम एजुकेशन (टीचर्स की सेवाओं का प्रोविंशियलाइजेशन और एजुकेशनल इंस्टीट्यूशन्स का री-ऑर्गनाइजेशन) एक्ट, 2017 के तहत काम करेगा, जिसे 2025 में संशोधित किया गया है.मुख्यमंत्री ने कहा कि पोर्टल के जरिए नॉन-प्रोविंशियलाइज्ड वेंचर स्कूलों और कॉलेजों के टीचिंग और नॉन-टीचिंग स्टाफ के आवेदन आसान होंगे, मॉनिटरिंग और प्रोसेसिंग सुगम होगी. यह कदम गवर्नेंस सुधार और कल्याण उपाय दोनों के लिए अहम है. पोर्टल से वेंचर इंस्टीट्यूशन्स और उनके कर्मचारियों का सेंट्रलाइज्ड डेटाबेस तैयार होगा. जिससे प्रोविंशियलाइजेशन प्रक्रिया में रुकावट और कथित गड़बड़ियां खत्म होंगी.

### 7.5 करोड़ की हेरोइन के साथ तीन गिरफ्तार

**नई दिल्ली, 18 फरवरी.** दिल्ली पुलिस की क्राइम ब्रांच की एंटी नारकोटिक्स टास्क फोर्स ने भोपुरा बॉर्डर के पास 1.504 किलोग्राम हेरोइन बरामद कर पति-पत्नी और एक अन्य आरोपी को गिरफ्तार किया. बरामद नशीले पदार्थ की अंतरराष्ट्रीय बाजार में कीमत लगभग 7.5 करोड़ रुपए आंकी गई है. पुलिस को सूचना मिली थी कि आरिफ खान (36) बरेली से हेरोइन लाकर गाजियाबाद और दिल्ली में सप्लाई करता है. संदिग्ध वैगनआर कार को रोककर तलाशी में आरिफ और उसकी पत्नी शिखा अली (30) के कब्जे से 303 ग्राम और कार के बैग से 1007 ग्राम हेरोइन मिली.पूछताछ में खुलासा हुआ कि दंपति रात में ड्रग्स तस्करी करते थे. इसके बाद हेरोइन रिसीवर जुम्मन (32) को भी गिरफ्तार किया गया, जिसके कब्जे से 194 ग्राम हेरोइन बरामद हुई.जांच में पता चला कि आरिफ कोविड काल में टैक्सी चालक बन गया और ड्रग नेटवर्क में शामिल हो गया.

# राजेश पांडे ने रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार संभाला

**नई दिल्ली, 18 फरवरी .भारतीय रेलवे सिग्नल इंजीनियरिंग सेवा के 1989 बैच के वरिष्ठ अधिकारी राजेश कुमार पांडे ने आधिकारिक रूप से उत्तर रेलवे के महाप्रबंधक का पदभार संभाल लिया है. गोरखपुर, उत्तर प्रदेश के मूल निवासी पांडे ने मदन मोहन मालवीय इंजीनियरिंग कॉलेज से इलेक्ट्रॉनिक्स में बी.ई. तथा आईआईटी दिल्ली से एम.टेक की उपाधि प्राप्त की.**

उन्होंने अपने करियर की शुरुआत बरौनी में सहायक सिग्नल एवं दूरसंचार इंजीनियर के रूप में की. वे आरडीएसओ में निरीक्षण निदेशक रहे, पूर्व मध्य रेलवे में समस्तीपुर के अपर मंडल रेल प्रबंधक और पंडित दीन दयाल उपाध्याय मंडल के डीआरएम के



रूप में सेवाएं दीं. पश्चिम रेलवे में उन्होंने मुंबई उपनगरीय खंड में 'एक्सल काउंटर' प्रणाली लागू करने में नेतृत्व किया. डीआरएम के रूप में उन्होंने ईस्टर्न डेडिकेटेड फ्रेट कॉरिडोर की प्रगति में अहम भूमिका निभाई और स्वदेशी ट्रेन सुरक्षा प्रणाली 'कवच' के विस्तार का मार्गदर्शन किया. महाप्रबंधक के रूप में उनका विजन सुरक्षा सुदृढ़ीकरण, समयपालन, बुनियादी ढांचे का तीव्र विकास तथा यात्री एवं कर्मचारी संतुष्टि पर केंद्रित है. उनका आदर्श वाक्य है— 'राष्ट्र प्रथम, ग्राहक प्रथम, सर्वथा प्रथम.'

## आज का इतिहास

1389 – दिल्ली के सुल्तान गयासुद्दीन तुग़लक़ द्वितीय की हत्या हुई।

1570 – फ़्रांसीसी सेना की मदद से एंजाऊ के ड्यूक ने दक्षिणी नीदरलैंड पर हमला किया।

1618 – वेनिस शांति संधि के तहत वेनिस और आस्ट्रेलिया का युद्ध समाप्त हुआ।

1630 – शिवाजी का जन्म जुन्नेर में हुआ।

1674 – ब्रिटिश फ़ौजें डच युद्ध से हट गईं।

1719 – मुग़ल शासक फर्रुख सियर की हत्या।

1807 – तुर्की के साथ युद्ध में रूस को मदद देने ब्रिटिश सैनिक पहुँचे।

# महाराष्ट्र सरकार ने पांच प्रतिशत मुस्लिम आरक्षण आदेश रद्द किया

**मुंबई, 18 फरवरी. महाराष्ट्र सरकार ने 2014 में मुस्लिम समुदाय के सामाजिक और शैक्षणिक रूप से पिछड़े तबकों के लिए पांच प्रतिशत आरक्षण को आधिकारिक रूप से वापस लिया.**

यह फैसला सामाजिक न्याय एवं विशेष सहायता विभाग द्वारा जारी सरकारी प्रस्ताव के माध्यम से किया गया. नए प्रस्ताव के तहत विशेष पिछड़ा श्रेणी ए (एसबीसी-ए) कोटे से जुड़े पहले सभी सरकारी आदेश, सर्कुलर और प्रशासनिक फैसलों को रद्द कर दिया गया है और अधिकारियों को इन वर्गों के लोगों को जाति प्रमाणपत्र जारी करने से रोक दिया गया है.जुलाई 2014 में तत्कालीन कांग्रेस-राकांपा सरकार



द्वारा महाराष्ट्र अध्यादेश संख्या 14 के जरिए शुरू किया गया कोटा अब कानूनी तौर पर मान्य नहीं है. राज्य विधानसभा ने इसे कानून में नहीं बदला, जिससे यह 23 दिसंबर, 2014 को स्वत: निरस्त हो गया. उच्च न्यायालय और बॉम्बे हाईकोर्ट के अंतरिम आदेशों के कारण यह आरक्षण कभी लागू नहीं हो सका.

# 10 राज्यों की 37 राज्यसभा सीटों पर चुनाव की घोषणा

**नई दिल्ली, 18 फरवरी. भारतीय निर्वाचन आयोग (ईसीआई) ने बुधवार को 10 राज्यों में राज्यसभा की 37 सीटों के लिए चुनाव तारीखों की घोषणा की.**

राज्यसभा के 37 सदस्यों का कार्यकाल अप्रैल 2026 में खत्म होने वाला है. ईसीआई के अनुसार, 37 सीटों के लिए 16 मार्च को चुनाव होगा. सुबह 9 बजे से शाम 4 बजे के बीच मतदान किया जाएगा और उसी दिन शाम 5 बजे मतगणना शुरू होगी.

चुनावों के लिए नोटिफिकेशन 26 फरवरी को जारी किया जाएगा. नामांकन दाखिल करने की आखिरी तारीख 5 मार्च तय




की गई है, जबकि नामांकन पत्रों की जांच 6 मार्च को होगी. उम्मीदवार 9 मार्च तक अपना नामांकन पत्र वापस ले सकते हैं. जिन राज्यों में राज्यसभा चुनाव होना है, उनमें महाराष्ट्र, ओडिशा, तमिलनाडु, पश्चिम बंगाल, असम, बिहार, छत्तीसगढ़, हरियाणा, हिमाचल प्रदेश और तेलंगाना शामिल हैं.

**उद्घाटन** ▸ **समुद्री परंपराओं के प्रति देशों के बीच एकता, विश्वास और सम्मान का प्रतीक**

# समुद्री चुनौतियों से निपटे सामूहिक शक्ति : द्रौपदी मुर्मु

**विशाखापत्तनम 18 फरवरी . राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने विशाखापत्तनम में बुधवार को अंतर्राष्ट्रीय बेड़ा समीक्षा का उद्घाटन किया और इसे समुद्री परंपराओं के प्रति देशों के बीच एकता, विश्वास और सम्मान का प्रतीक बताया.**

उन्होंने कहा कि यह वैश्विक समुदाय के लिए सकारात्मक संदेश है कि सामूहिक नौसैनिक शक्ति की प्रतिबद्धता और संकल्प सभी चुनौतियों का सामना कर सकते हैं. इस वर्ष कार्यक्रम में 70 से अधिक देशों की नौसेनाएं भाग ले रही हैं. राष्ट्रपति मुर्मु ने बताया कि भारत



का दृष्टिकोण 'वसुधैव कुटुंबकम्' पर आधारित है और वैश्विक सुरक्षा, विकास, स्थिरता और सतत साझेदारी इसी पर संभव है. उन्होंने कहा कि सुदृढ़ समुद्री व्यवस्था समान विचारधारा वाले साझेदारों के बीच सामूहिक जिम्मेदारी और सहयोगात्मक कार्यवाही पर आधारित होनी चाहिए.

> यह कार्यक्रम भारत की 'महासागर' पहल को भी मजबूत करता है, जिसका उद्देश्य क्षेत्रीय सुरक्षा और विकास के लिए समग्र उन्नति सुनिश्चित करना है.उन्होंने भारतीय नौसेना की तत्परता और भूमिका की सराहना की, जो समुद्र में उत्पन्न खतरों, प्राकृतिक आपदाओं और मानवीय संकटों के समय 'प्रथम प्रतिक्रिया बल' के रूप में सक्रिय रहती है. राष्ट्रपति ने विदेशी नौसेनाओं के अधिकारियों और नाविकों के अनुशासन, समर्पण और दक्षता की भी प्रशंसा की.